दिनांक 19.06.2021 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान 2 घरों में मिला डेंगू का लार्वा, नष्टीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

भिलाईनगर/ बीएसपी क्षेत्र के सेक्टर 04 में डेंगू का लार्वा पाए जाने के बाद आज कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डाॅ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने सड़क 05 में घरों का निरीक्षण किए इस दौरान 2 घरों के कूलरों में भरे हुए पानी की जांच कराने पर डेंगू का लार्वा मिला। भिलाई निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी तथा निगम के स्वास्थ्य अमले मौके के साथ घर घर जाकर किए पानी टंकी , पुराने पात्रो में भरे पानी व गमले तथा कई स्थान पर बारिश के पानी का जमाव निरीक्षण किया गया जिसमें लापरवाही पाए जाने पर उपस्थित बीएसपी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और डेंगू के रोकथाम के कार्यों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि डेंगू को प्रथामिक स्टेज में ही रोकथाम किया जा सके। टाउनशिप में डेंगू के मरीज मिलने की पुष्टि के बाद से भिलाई निगम का अमला मैदान में उतरकर फाॅगिंग , टेमिफाॅस वितरण व जलजमाव वाले स्थानों पर मलेरिया आॅयल का छिड़काव विशेष अमला बनाकर किया जा रहा है।

टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू के मरीज तथा कई घरों में लार्वा मिलने के बाद डेंगू रोकथाम के लिए किये जा रहे उपायों का निरीक्षण करने कलेक्टर डाॅ. भूरे सेक्टर 04 के स्ट्रीट नं. 05 पहुंचे जहां भिलाई निगम और बीएसपी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ घर घर जाकर कूलर , पात्र व पानी टंकी में भरे हुए पानी में केमिकल का छिड़काव कराकर जांच किये। इस दौरान दो घरों में डेंगू लार्वा पाया गया। भिलाई निगम तथा बीएसपी के अधिकारियों को आपस में सामंजस्य बनाकर पूरी गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रत्येक घरों में डेंगू के लार्वा पनपने वाले स्थान की सघन जांच , टेमिफाॅस वितरण, बारिश के पानी से जलजमाव को रोकना , फागिंग जैसे सभी आवश्यक कार्यो को करने कहा गया जिससे डेंगू को प्राथमिक स्तर पर ही रोकथाम किया जा सके।

कलेक्टर निरीक्षण पश्चात निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने सेक्टर 06 के विभिन्न स्ट्रीट के घरों में जोन 05 आयुक्त की टीम के साथ सघन निरीक्षण किए और लंबे समय से तथा अनुपयोगी पात्रों में रखे हुए पानी में टेमीफाॅस का छिड़काव कराया गया। आयुक्त महोदय ने निगम द्वारा विशेष टीम टाउनशिप में किए जा रहे कार्यों की सतत माॅनिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम का अमला नागरिकों से अपील कर रहे है कि बारिश के मौसम को देखते हुए ज्यादा समय तक पानी को ठहरने न दे और नियमित रूप से पानी टंकी और कूलर के पानी बदलते रहे। निरीक्षण के दौरान निगम के उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त प्रीति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा , जावेद अली, स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह , बीएसपी प्रबंधन जी.पी. घोष , स्वास्थ्य अधिकारी के.के. यादव सहित निगम एवं बीएसपी के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे!